# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026


# पंजाब मे ₹10 लाख का फ्री इलाज : अरविंद केजरीवाल ने बताया सेहत कार्ड पाने का आसान तरीका।


Publisher

Published on 08 Jul 2025




## देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च, हर परिवार को मिलेगा मुफ्त इलाज का फायदा।

**चंडीगढ़ : पंजाब सरकार** ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के **65 लाख परिवारों को ₹10 लाख तक के मुफ्त इलाज** की सौगात दी है। **मुख्यमंत्री भगवंत मान** और **दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (AAP)** के **संयोजक अरविंद केजरीवाल** ने मंगलवार (8 जुलाई 2025) को इस **योजना का औपचारिक शुभारंभ** किया। इसे देश की सबसे बड़ी और **क्रांतिकारी स्वास्थ्य बीमा योजना** बताया जा रहा है।

**2 अक्टूबर से लागू होगी नई "मुख्यमंत्री सेहत योजना"**
मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत राज्य के सभी **निवासी सरकारी** और **निजी अस्पतालों मे ₹10 लाख** तक का इलाज पूरी तरह से **कैशलेस** और मुफ्त करा सकेंगे। यह योजना **2 अक्टूबर 2025** से पूरे राज्य में लागू होगी।

राज्य सरकार गांव-गांव में कैंप लगाकर लोगों को **सेहत कार्ड (Health Card)** जारी करेगी, जिससे प्रत्येक परिवार को योजना का लाभ मिलेगा। **हेल्थ कार्ड** के लिए नागरिकों को केवल **आधार कार्ड** और **वोटर आईडी कार्ड** दिखाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

अगर किसी व्यक्ति के पास कार्ड नहीं है तो अस्पताल में इलाज के दौरान तुरंत कार्ड बन जाएगा और इलाज शुरू हो जाएगा।

**केजरीवाल बोले- यह योजना गरीबों की जिंदगी बदलेगी**

इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा, "आज पंजाब के इतिहास में क्रांतिकारी दिन है। इस फैसले से लाखों गरीब परिवारों को राहत मिलेगी। भारत में जब कोई बीमार होता है तो पूरा परिवार कर्ज में डूब जाता है। हम चाहते हैं कि स्वास्थ्य और शिक्षा मजबूत हों, तभी देश का विकास संभव है।"

उन्होंने बताया कि दिल्ली में शुरू हुए **मोहल्ला क्लिनिक मॉडल** के तहत पंजाब में अब तक **881 मोहल्ला क्लिनिक** खोले जा चुके हैं और जल्द ही **1000 मोहल्ला क्लिनिक** का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

कौन-कौन होगा योजना में शामिल ?

१. **राज्य के सभी निवासी**
२. **सरकारी कर्मचारी**
३. **आंगनवाड़ी वर्कर्स**
४. **आशा वर्कर्स**
५. **गरीब व मध्यम वर्ग के सभी परिवार**

क्या मिलेगा इस योजना में ?

१. **₹10 लाख तक का सालाना मुफ्त इलाज**
२. **सरकारी और निजी अस्पतालों मे कैशलेस सुविधा**
३. **किसी भी बीमारी का इलाज कवर**
४. **रजिस्ट्रेशन के लिए केवल आधार और वोटर कार्ड आवश्यक**
५. **अस्पताल मे तंत्काल कार्ड बनवाने की सुविधा**

**स्वास्थ्य सेवा मे नंई क्रांति**

मुख्यमंत्री **भगवंत मान** ने कहा कि, "यह योजना पंजाब के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई सुबह लेकर आएगी। हमारा लक्ष्य राज्य के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देना है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.